प्रेस विज्ञप्ति

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को रेसिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वाणिज्य एवं मनोविज्ञान अध्ययनशाला द्वारा हुए इस ऑनलाइन कार्यशाला में कंपनी सेक्रेटरी एवं युवा उद्यमी रौनक राठी ने नए स्टार्टअप प्रारंभ और संचालन के लिए विभिन्न वित्तीय स्त्रोतों की जानकारी स्टोरी टेलिंग और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दी।

श्री राठी ने कहा कि आपका बिजनेस आईडिया और वर्किंग प्रोसेस स्टैंडर्ड होंगे तो फंड मिलने में दिक्कत नहीं होगी। फंड रेजिंग के लिए अपने स्टार्टअप कार्य का रिकार्ड मेंटन रखना चाहिए। श्री राठी ने बताया कि नए स्टार्टअप के लिए सामान्यतः बूटस्ट्रैपिंग, वेंचर कैपिटल, एंजेल इंवेस्टमेन्ट, गवर्नमेंट ग्रांट्स और फाइनेंशियल फोरकास्टिंग जैसे फंड रेजिंग ऑप्शन हैं। सभी की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। आज सक्सेसफुल बिजनेस ऑनर एंजेल इंवेस्टर के रूप में वित्तीय सहयोग करने आगे आ रहे हैं। कई दानवीर भी वित्तीय सहयोग करते हैं। राज्य और केंद्र सरकारें स्व सहायता समूहों और रजिस्टर्ड सोसाइटी को फंड ग्रांट कर रही हैं। उपलब्धता और बिजनेस हित के अनुसार फंड रेजिंग किए जा सकते हैं। श्री राठी ने बताया कि छोटे-बड़े शहरों में इंडस्ट्री पेसिफिक सेमिनार सेशन होते रहते हैं। उसमें भाग लेकर नए स्टार्टअप फंड के लिए प्रयास कर सकते हैं।

विवि आईआईसी मेंबर डॉ. रश्मि देवांगन में स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन शैली पटेल ने किया। रंजीता पटेल ने आभार जताया। कार्यशाला में राहुल सिंह, नीलम किरन, भारती भवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
ग्राम–कालीपुर, जिला– बस्तर (छ. ग.)


12:48
44%
qqu-ysrh-ubr
A
Amit
Ranjita
Shaily
Raunak
BIOTECHNOLOGY
karuna
N
You
Sejal
25 others